**7.** चकबंदी लेखपाल के प्रश्नगत रिक्त पदों ,जिसका श्रेणीवार विवरण नीचे तालिका में दिया गया है, पर चयन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। प्रतियोगिता परीक्षा में **वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार** सम्मिलित होगा । **लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथा समय सूचित किया जाएगा;**

| विभाग का नाम | पदनाम | वेतन बैंड / वेतन मान / ग्रेड पे | पदों की संख्या | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल पद | स्थायी / अस्थायी |
| चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश,लखनऊ। | चकबंदी लेखपाल | रु०-5200-20200 ग्रेड पे रु०-2000 | 1949 | 50 | 63 | 769 | 2831 | स्थायी |

**टिप्पणी – 1-** विकलांग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश दिनांक 13.01.2011 के अनुसार चिन्हित(आंशिक बधिर) विकलांग व्यक्तियों को कोटा बनने पर क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा।

**2-** रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती है।

## 8- <u>अनिवार्य अहर्ता(शैक्षिक) :-</u>

अभ्यर्थी को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की, इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**<u>अधिमानी अहर्ता :-</u>** अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जाएगा, जिसने :-

(क) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(ख) राष्ट्रीय कैडेट कोर का “बी” प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो।

**9-** **<u>आयु सीमा :-</u>** आयु गणना की निश्चायक तिथि एक जुलाई 2015 है । अभ्यर्थी ने पहली जुलाई 2015 (01-07-2015) को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो अर्थात उसका जन्म 02 जुलाई 1975 से पूर्व तथा 01 जुलाई 1997 के बाद न हुआ हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और ऐसी अन्य श्रेणी जो सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित की जाए,के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाएं तथा शासनादेश दिनांक 28.11.1985 के अनुसार वर्गीकृत कुशल खिलाड़ियों को 5 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। शारीरिक रूप से विकलांग (physically handicapped) अभ्यर्थियों को शासनादेश दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिको के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट 01 जुलाई 2015 को इस शर्त के साथ अनुमन्य होगी कि उनकी सम्पूर्ण सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु में से घटा कर परिणामस्वरूप शेष आयु निर्धारित आयु से 03 वर्ष से अधिक न हो।

(क)- नियुक्त किया गया व्यक्ति, चकबंदी लेखपाल प्रशिक्षण स्कूल में, ऐसे दिनांक पर, जैसा संचालक / आयुक्त, चकबंदी द्वारा नियत किया जाय, छः मास का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रवेश लेगा। प्रशिक्षण के अंत में, एक अर्हकारी परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए संचालक / आयुक्त, चकबंदी द्वारा व्यवस्था की जाएगी।

(ख)-स्कूल का प्रधानाचार्य, प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के कार्य और आचरण को, उनकी उपस्थिति, मासिक परीक्षाओं, आचरण और अनुशासन, जिसके लिए अर्हकारी परीक्षा के कुल अंको का बीस प्रतिशत अंक चिन्हित होगा, के आधार पर मूल्यांकन करेगा और प्रशिक्षणार्थी द्वारा इस संबंध में प्राप्त किए गए अंको को अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त किए गए अंको के साथ जोड़ दिया जाएगा।

(ग)-अर्हकारी परीक्षा में प्रशिक्षणार्थी को सामान्यतया तब तक बैठने की अनुज्ञा प्रदान नहीं की जाएगी जब तक कि कक्षाओ में उसकी उपस्थिति, सत्र के दौरान स्कूल के खुले रहने पर, न्यूनतम अस्सी प्रतिशत न रही हो।

(घ)अर्हकारी परीक्षा में यदि कोई प्रशिक्षणार्थी असफल होता है तो ऐसे विषयों में, जिनमें वह अर्हकारी परीक्षा के दौरान असफल रहा हो, परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए, दो अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाएंगे। यदि कोई प्रशिक्षणार्थी अब भी अर्हकारी परीक्षा को उत्तीर्ण करने में असफल रहता है तो उसे, सेवा के लिए अनुपयुक्त माना जाएगा।

(च)-सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

(छ)-प्रत्येक सत्र के दौरान संचालक / आयुक्त, चकबंदी, अर्हकारी परीक्षा के अधीक्षक के रूप में कार्य करने के लिए किसी अधिकारी को नाम निर्देशित करेगा। अधीक्षक, अपनी पारी के दौरान निरीक्षकों को नियुक्त करेगा, जो उसे परीक्षा के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किए गए अनुचित साधनो का प्रयोग करने या प्रयास करने सहित दुराचरण के मामलो, यदि कोई हो, की सूचना देगा। अधीक्षक अपने विवेकानुसार उस विशिष्ट प्रश्न पत्र में अग्रेतर परीक्षा से प्रशिक्षणार्थियों को बहिष्कृत कर देगा। ऐसा करने से पूर्व वह प्रशिक्षणार्थियों को प्रस्तावित कार्यवाही के विरुद्ध कारण दर्शाने का पूर्ण अवसर देगा। प्रशिक्षरणार्थीगण संचालक/आयुक्त, चकबंदी के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं, जिसका इस संबंध में विनिश्चय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**2-** किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को, जिनकी प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर आयोग की i”uxr परीक्षा तथा अन्य समस्त परीक्षाओं एवं चयनों से प्रतिवारित किया जा सकता है ।

**3-**आयोग कार्यालय में आवेदन "सबमिट" हो जाने के पश्चात अभ्यर्थी की श्रेणी , उपश्रेणी , जन्मतिथि आदि में परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।

**4-** हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी । जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा ।

**5-** आयु एव शैक्षिक योग्यता की पुष्टि में अंकपत्र, प्रमाण पत्र, उपाधि की स्वप्रमाणित प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा ।

**6-** समाज के विकलांग अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण ) (संशोधन ) अधिनियम-1997 की धारा-2 में उल्लिखित विकलांगता ग्रस्त होने संबंधी प्रमाण-पत्र यथासंशोधित सहपठित शासनादेश दिनांक 03 फरवरी, 2008 में निर्धारित प्रारूप पर विकलांगता प्रमाण-पत्र जो सक्षम चिकित्साधिकारी/ विशेषज्ञ द्वारा निर्गत एवं मुख्य

